# प्रेस नोट थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर दिनांक 18.08.2025

**चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद ऑटो रिक्शा बरामद**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल के नेतृत्व में उ0नि0 संतोष कुमार पासवान मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 495/2025 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त सूरज यादव को चोरी के 01 अदद ऑटो रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u>**

दिनांक 05.08.2025 को अभियुक्त द्वारा वादी मुकदमा का ऑटो रिक्शा को चोरी कर लिया गया था । जिसके संबंध में वादी मुकदमा से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-</u>**

सूरज यादव पुत्र जितेन्द्र यादव निवासी भटौली बाजार थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर

**<u>गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-</u>**

मु0अ0स0 495/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर

**<u>बरामदगी</u>**- चोरी की01अदद ऑटो रिक्शा

**<u>गिरफ्तारी की टीम-</u>**

1. उ0नि0 संतोष कुमार पासवान थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 उपेन्द्र निर्मल थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 चन्दन कुमार सिंह थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर
4. हे0का0 हृदेयश कुमार थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर
5. का0 नकीब खान थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर